पंचम अध्याय

व्याख्या

व्याख्या

(१)

सब ग्वालन दूध से भरे गागर सब छोटी पहाड़ियों में :एकलादी के पास: थे।

भवानी भवन :मनुष्य की: चांदा लाकर दुकान के दरवाज़े पर दूध को :ले जाने की सुविधा के लिए: रस्सी से संवार रही थीं।

भवानी मांझेदार में इसीलिए याद कर रही है :दूध को कहां-कहां ले जाना है:।

भवानी ने सिर पर दूध की छोटी-सी हेप रख ली :है:।

:भवानी: उस मांझेदार से चलती जा रही है।

:भवानी के रास्ते की: गली में पागल :हुआ: खूनी हाथी राजा मल्हड़ का झूम रहा है :मदमस्त है:।

भवानी गली में अनुरोध करती है --

'भैया, मेरी राह का :बाधक: हाथी अलग कर दो।

:आज मुझे पहले से ही :आने में: :कुछ: देर हो गयी है।

महलों :बड़े घरों: के लोग मेरी धवल गायों के दूध की प्रतीक्षा कर रहे होंगे।

जब हाथी के महावत बैठे से :कहलादी: जम कर जवाब करते हैं --

'हवे:साधारण: हाथी :रूप में संबोधित: मत कहो यह तो राणाओं के राजा मल्हड़ का :विशेष स हाथी है: है।

:मदमस्त होने से यह: खूनी :हाथी: गली में झूम रहा है।

:इसीलिए: बेटी, तू किसी और :गली: से चली जाओ।

: एकलादी के हाथी हटाने की जिद से क्रुद्ध होकर महावत कहता है:

"इसे: गूजर जाती में तुम्हारे जैसी जिद्दी लड़की :मैंने: नहीं देखी है।"

(2) : जब एकतादी स्वयं हाथी को रास्ते से हटाने का निश्चय किया, इसीलिए":
भवानी ने दूध की दहेली को :अच्छी तरह:से: सिर पर संवार लिया:
अपने गुरुजन का भवानी ने स्मरण किया।
:वह: दाहिने पांव के अंगूठे से हाथी :हाथी: की बेड़ी को दबा :खींच: रही है।
:कुछ ही देर में: हाथी को गली में पछाड़ दिया : रास्ते से अलग कर दिया: मार्ग-
बनाकर: उसी गली के बीच से :वह: चली जा रही है।
महावत भागते हुए राजा के दरबार पहुंचे :गये:।
:महावत ने कहा:--" गूजर के घर की बेटी :एकतादी: की शक्ति :के सम्बन्ध में:
अब क्या हूं कहूं ?
:अब इसी में अनुमान लगा लीजिये कि उसने :गली में मेरे मोती गजराज का मान घटा
दिया है:परास्त करके:।"

राजा महावत की :विचित्र: बात को किस तरह समझे :कैसे विश्वास करे: ।--
"मेरे भाई, क्या :तुमने हाथी की खुराक कम कर दी है, :या पानी: जितनी मात्रा
में पिलाना आवश्यक है उसे: भूलवश कम कर दिया है ? क्या कारण है :जो: बेटी
:एकतादी: ने अब हाथी को हरा दिया है ? इसका :पूरा: विवरण समझाओ।"
तब महावत ने राजा से किसी तरह अरज किया :कहा: --
"गूजर की बेटी की जादूगरी :के बारे में: अब क्या कहूं ?
:उस समय मंत्र: पढ़-पढ़ कर :जैसे: उसने मोती गजराज को माला मारा,
जिससे :उसने: गली में सभी लोगों के बीच हाथी :हाथी: को हरा दिया।
:जब वह इतनी शक्तिशाली है तब वह क्या नहीं कर सकती, इसीलिए:
राजा अब तेरी गद्दी कुछ ही दिनों के बीच में टूट जायेगी।
:अगर इस मुसीबत से छुटकारा चाहते हो तो: गूजर की लड़की एकतादी और तुम कौन
कुंवर नन्दलाल :दोनों की: बल पूर्वक सगाई करवा लीजिये।
और :उसे: अपने रनिवास की बहू बना लीजिये।
अन्यथा तुम्हारी सारी राजधानी मिट :नष्ट हो: जायेगी।
इसीलिए :मेरे अनुरोध करने: मनाने से धर्म द्वार पर मान जाइये।"

:राजा ने सहमत होकर: सूजर के द्वार पर :घर के लिए: राजा ने घुड़सवार भेज दिये।
एक :व्यक्ति: सूजर के लिए दो रथ दो गाड़ियों के लोग दौड़ाये ले गये।
:उनके द्वार: सूजर के टोड़ा फांक की खड़ी :घेर: ली गयी है।
:घुड़सवारों ने कहा: --'गरूडध्वज ने हुक्म फरमाया है,
:इसी लिए: सूजर :तुम्हें: अब तत्काल राजधानी के लिए बुलाया गया है।'
:सूजर ने कहा:--' :मैंने राजा के बिना आज्ञा के: न :तो: राजा के खेत जोते हैं
और :न: मेरी गाय ने किसी के या उसके: धने धान को:ही: चर लिया है।
:फिर किस लिये: किस कारण वश मुझे अब रनिवास :राजा के पास: में बुलाया
जा रहा है?'
:सूजर की इन्कारी पर राजकर्मचारियों ने कहा:--':राजा के सम्मानपूर्ण बुलावे पर
चलने से: सब के साथ चलने से :तुम्हारा :यश बढ़ेगा: लोग-बाग तुम्हें राजा का कृपा-
पात्र समझ कर विशेष सम्मान देंगे जब कि इन्कार करने पर: तुम्हें अपयश मिलेगा,
:बलपूर्वक लेजाने पर,लोग-बाग समझेंगे तुम राजा के प्रति अपराधी हो: ।
:तुम्हें जो कुछ भी कहना-सुनना: - अपनी सफाई अब राजा गरूडध्वज से :ही: देना
:क्योंकि हम मात्र राजा के आज्ञापालक हैं: ।'
:सूजर ने कहा:-':मेरे: पांव में जूते नहीं हैं, गांठ में :खर्च के लिए: पर्याप्त पैसे नहीं
हैं, सिर के लिए बैगनी पगड़ी नहीं है,
:और किस सवारी पर: सवारी के अभाव के कारण: चढ़ कर राजा गरूडध्वज को
सलाम करूं? :राजा से ऐसी खराब हालत में कैसे मिलूं, ऐसी स्थिति में मिलना-
मिलाना दोनों के लिए लज्जाजनक है।:'
:लेकिन राजकर्मचारियों से विवश होकर घर में सूजर ने कहा:--' रनिवास :राजा के
घर: में मेरा बुलावा है :बुलाया गया: किया गया है।'
बेटी ने:पिता को पहिनने के लिए: जूते दिये, :खर्च के लिए: गांठ में बांधने के लिए
पर्याप्त पैसे दिये।
सूजर ने सिर पर बैगनी पगड़ी बांध ली।
रनिवास में मिलने के लिए सूजर चल दिये।
:सूजर के राजमहल पहुंचने पर: राजा ने : बैठने और सूजर को सम्मान देने के लिए:
कुर्सी मोढ़ा डलवाया।

:उसके बाद: अब राजा गूजर चन्दीले को समझा रहा है -

"मेरे भाई, तुम्हारी बेटी रुक्मादी है और मेरा बेटा कुंवर नन्दलाल है,

इसीलिए :दोनों का : धर्म संगत ब्याह रचा दीजिये ।"

राजा के धर्म द्वार पर गूजर हाथ जोड़ कर विनती करता है -

"राजा, तुम तो प्रजा के माता-पिता हो ।

जैसे यह मेरी बेटी है वैसे ही अन्य सभी जाति के लिए :उनकी पुत्री के समान: भी है । :इस तरह का असंभव प्रस्ताव करके: मुझ पर :आप: विचित्र दंड मत लगाइये ।

:क्योंकि: भात कोरा हो तो उसे रांधा जा सकता है :लेकिन: एक बार के: रंधे हुए भात को दुबारा नहीं रांधा जा सकता है ।

:मेरी: बेटी :रुक्मादी: ब्याही जा चुकी है :इसीलिए: अब कैसे :दुबारा: दे सकता हूं: दुबारा ब्याह कैसे कर सकता हूं: ?

राजा :अगर तुम: कन्या पैसा मांगते हो तो :मैं तुम्हारा: छकड़ा :बैलगाड़ी पैसा: भरवा देता ।

राजा :अगर तुम: गाय चाहते हो :तो उसे: बुलवाकर :अपने यहां: बंधवा लीजिये।

:लेकिन ऐसा अधार्मिक, अनैतिक विचित्र ब्याह के प्रस्ताव का: अनोखा दंड मुझसे सहा नहीं जाता है ।

:इसीलिए मैं: तुम्हारी राजधानी :राज्य: छोड़ दूंगा ।

:राजा ने ब्याह के इन्कार के प्रस्ताव से क्रुद्ध होकर गूजर के : हाथ में हथकड़ी, पांवों में बेड़ी, गले में तौक डलवा दिया ।

गूजर की देह में हरे बांस बज रहे हैं, :उसे पीटा जा रहा है: ।

अन्त में विवश होकर वह कहता है--" राजा हमें छोड़ दीजिये और अपने कुटुंब-परिवार में :वापस: जाने दीजिये ।

मुझे कुटुंब परिवार के लोगों से सलाह लेने का :मौका: दीजिये ।

मैं :अपनी बेटी की उनकी सलाह से: सगाई तुम्हारे कुंवर नन्दलाल के साथ कर दूंगा

:गूजर की बात का विश्वास करके: राजा ने भरे दरबार में गूजर चन्दीले को मुक्त करवा दिया ।

गूजर अपने धर्म द्वार पर टूटी खाट में जाकर लेट गये ।

दरवाजे पर बेटी बात :कारण: पूछ रही है --

बाबुल :पिता:, क्या तुम्हें सिर में दर्द हो रहा है या बहुत जोरों का बुखार चढ़ आया है ?

बाबुल, टूटी खाट पर क्यों लेटे हो ?

:पिता दुःखी होकर कहता है: -"बेटी तू जन्म से :ही: मर जाती, :या: तुझ पर पाथरों की गाज गिरती :जिससे तू नष्ट हो जाती: बेटी तुमने राजा से :मेरी: शत्रुता करा दी है ।"

बेटी पिता के बदले व्यवहार को किस तरह समझे :समझ नहीं पाती: ।-

"पिता, मैं भली द्वार पर :तुम्हें: क्यों बुरी लगने लगी ?

जिससे :तुम: मुझ पर पाथरों की गाज गिरा रहे हो ।

पिता घर में बेटी की :बुरी बात: समझा रहे हैं -

"गली में उस दिन तुमने हुली (५) :हाथी: को हरा किया था,

जिसकी वजह से राजा बारम्बार तेरी सगाई मांग रहे हैं ।

राजा :के यहां तेरी: सगाई कर देने के बाद :मेरे यहां कोई भी : घड़े का पानी नहीं पियेगा । :बिरादरी से निकाल दिया जाऊंगा: ।

:इस कारण: अभागी, मेरा कुटुंब-परिवार :सभी: छूट जायेगा ।

मैं कैसे :लोगों से: :किसी को: अपनी शक्ल दिखाऊंगा :लज्जा प्रतीत होगी:,

कैसे देश में :लोगों से: खिंच कर :अलग-अलग: रह सकूंगा ?

चारों तरफ का डाकू राजा द्वार पर झुक से ले रहे हैं ।

इसीलिए बेटी अब :मैं: टूटी खाट पर लेटा हूं ।"

बाबुल के उत्तर पर बेटी प्रत्युत्तर में कहती है -

"मेरे पिता तुम सुख की नींद सोवो ।

मैं राजा गढ़वला पर हमला किये देती हूं ।

उसे पराजय करने के साथ उसकी गढ़ी को बिल्कुल नष्ट करके, गढ़ी को ऊसर बना कर जोत-बुवाकर :उसमें: धान बो दूंगी ।"

:बेटी पर विश्वास करने से: इसीलिए बेटी के माता-पिता को: चैन मिल गया और उन्हें: नींद आ गयी ।

सूर्यास्त के बाद रात्रि में भवानी ने खाट उठाली ।

:उन लोगों को: सोते हुए पलंग के साथ भवानी उठाकर ले गयी ।

रात :भर: में भवानी ने माना जी के देश :राज्य: में धावा बोला डाल दिया ।

माना जी के घर के कंगूरा खिर रहे हैं ।

तब माना जी को बड़ी चिन्ता हुई-

"क्या शत्रु ने आक्रमण कर दिया है,:या: क्या पशुओं ने उत्पात किया है ?

मेरी कांफ का कंगूरा कैसे खिर रहा है ?

तब माना जी की पत्नी धर्म द्वार पर उन्हें समझाती है-

"विपत्ति-ग्रस्त :एक: बेटी तुम्हारे देश में आ रही है ।

तुम में आर :उसे शरण देने की: सामर्थ्य हो तो रहने दीजिये :ठहरने दीजिये: नहीं तो गोल-पटोल बनाय दे दीजिये ।

:साधारण लड़की: के भ्रम में बेटी के न रखिये। वह:तो: भवानी देवी है ।"

माना जी ने तत्काल पांवों से पनही उतार दी ।

"मेरे माई,:ओता ये गायक का अवलम्ब (६) एकलादी की महत्ता दिखाने के लिए:"

:माना जी ने अपने: सिर से पगड़ी पाग :भी: उतार ली,

और माना जी ने गले में अंगोछा डाल लिया।

:वह: आरती जलाकर,

दांतों में तिनका दाब कर :आधीनता स्वीकार: माना जी चल दिये ।

बेटी ने बारम्बार :अनेकों बार अनुरोध-आग्रह करके: डांग में धोरी :गाय: को रुकवा लिया,

:और कहा: -" भवानी, :मैं तुम्हारे लिए: हरे बांस कटवा कर खोड़े डांग के बीच में मैं रुकवा दूंगा ।

:तुम्हारे घर के पास: धर्म द्वार पर भवानी :मैं: मन्दिर बनवा दूंगा ।

माना जी की डांग में :मेरे यहां: भवानी :आपकी: जो भी इच्छा हो :आप: कर सकती हैं :सब कुछ करने को पूर्ण स्वतंत्र हैं: ।"

:माना जी एकलादी के: कुटुंब-परिवार को भद्दा-सत्कार दे रहे हैं ।

:अनुरोध को स्वीकार कर के: गायों को बेटी ने उसी डांग में रोक लिया ।
:मामा जी ने उनकी: मदद की और घोड़े रखवा दिये ।
:उनके लिए: डांग बना दी गयी, गाय को बगार :गाय बांधने की जगह: में :वे: ले गये ।
बेटी ने समझ कर शिव जी का मंदिर बनवा लिया ।
उसमें :मंदिर में: वह :रखवाली: नित्य-दिन शंभु-भोला को जल चढ़ाती है ।
मन में भवानी :रखवाली: भाई का वरदान मांगती है :चाहती है: ।
यत्नपूर्वक बारह वर्ष तक भवानी ने शिव पर जल चढ़ाया :पूजा की: ।
:तपस्या से प्रसन्न: शिव जी की ज्योति जब धर्म द्वार पर बोल रही है-
"बेटी, किसलिये :तुमने: यत्नपूर्वक बारम्बार :मेरी: सेवा की है ?
नित्य-दिन की :सेवा का: भवानी वरदान ले लो ।"
नतमस्तक होकर बेटी निवेदन करती है -
"अब मुझे भी एक वीर भाई दे दीजिये,
जिससे :वे: राजा गरूरठवा से बदला लें ।
:वे: उस :की: गढ़ी को :नष्ट-भ्रष्ट कर के धूल में मिलाने के बाद:
जोतकर धान बुवा दें : जमीन को ऊसर कर दें: ।"
शंभु जी बेटी को समझा रहे हैं-
"तुम्हारी मां बूढ़ी हो गयी है और पिता के बाल बहुत सफेद हो गये हैं :वे बहुत-बूढ़े हैं: ।
भवानी :अब तक: तेरा गंवार मन नहीं गया है ।
मैं किस तरह से दो बलवीर भाई दे दूं ?"
बेटी मंदिर के द्वार पर प्रार्थना कर रही है -
" भोला, इसी कार्य : के प्रयोजन: वश मैंने तप किया है ।"
"बेटी :तु: स्नान :के लिए: गंगा के घाट पर जाना ।
वहां उल्टी धारा में फूल बहता आयेगा ।
बेटी :उसके लिये तुम: झोली फैला देना ।
झोली में तेरी :वह: फूल आ जायेगा ।
:घर की: देहरी लांघते समय :तुम्हारी: झोली में दो भाई हो जायेंगे ।

अपनी मां को :जाकर: और :प्रसूतिगृह: में लिटा देना।
सूर्योदय के समय :आकाश: सिन्दूरी सा हुआ।
बेटी संगम घाट के रास्ते पर चल दी।
उसके साथ में बहुत सी संगी-साथिन :भी: साथ :गयीं:।
भवानी ने जाकर संगम घाट में स्नान किया।
उल्टी धारा में कुछ बह रहा है।
संगम पर कुछ भक्तिन जी की गोद में आ गया।
रुक्मावती सभी द्वार :घर के लिए: के रास्ते पर चलती है।
श्रेष्ठ बेटे :घर की: देहरी लांघते पैदा हो गये।
:रुक्मावती कहती है मां से: -"मेरी मां, तुम सौर में लेट रहो।"
अपनी माता भक्तिन जी को समझाती है -
"ऐसी विपत्ति तो मैंने :किसी तरह से: ममता जी की डांग में जाकर काटी है।
यह दूसरी :विपत्ति उत्पन्न कर रही हो:।
:लगता है: तू माता जी की डांग भी छुड़वा देगी।"
तब भवानी अब अपनी मां को समझाती है-
"इन बच्चों को तुम्हें: नारी-कांक में पालना-पोसना नहीं है।
:क्योंकि: इस बार शिव जी ने भारी वाड़ वरदान :मुझे: दिया है।"
बहन ने अपनी मां को अन्धेरे सौर :गृह: में लिटा दिया है।
सभी द्वारों :घरों: में :रुक्मावती: बता की डालियां बंटवा रही है। -
"मेरी मां के दो भाई :उत्पन्न हुए: हैं।"
दुनियां :लोग-बाग: :उनके: सभी द्वार :घर पर: चकित :चकित: हो रहे हैं।-
"मां तो इनकी बहुत बूढ़ी है और पिता के सब-कुछ :जैसे: बाल :सफेद हो गये: हैं।
इन :वृद्ध: बूढ़ों के :इस उम्र में: दो पुत्र :पैदा होना: :वास्तव में: विचित्र है।
क्या करुणानिधि अपनी लीला :कार्य रचना विधान: भूल गये हैं?
:या संभव है: किसी विमाता ने :द्वेष वश: इन्हें :घर से: निकाल फेंका हो?
क्या शम्भु ने वरदान दे दिया है?

:अन्यथा: इन झूलों के गोद में बालक किस तरह खेल सकते हैं ?"

:रुक्मावती शंका-समाधान करती है: -"मेरे भाई अवतारी हैं,

बारंबार :इसी बात पर वह बल देती है : ।"

कुछ ही दिनों में मेरे भाईयों :के जन्म आदि: का रहस्य :तुम लोग: जान जाओगे
: इनके असाधारण कार्य-कलापों से: ।"

"इसीलिए बेटी :रुक्मावती: माता जी की डांग में बसी है :तप द्वारा भाईयों की
प्राप्ति के लिए: ।"

विपत्तिग्रस्त होने के कारण उसे अपना :पुराना: गांव धनी द्वार :घर: छोड़ना पड़ा
था ।

:उसने: बारह वर्ष तक शिव जी के मंदिर में जल से जल चढ़ाया है ।"

फांफ में यह आश्चर्य की बात कहती है ।

भवानी ने भाईयों को बिना ब्याई :बच्चा दिये बिना ही: गायों का दूध पिलाया ।

:भाई: नित्यदिन दूने और रातों में चार गुने बढ़ते हैं : असाधारण रूप से उनकी
वृद्धि होती है : ।

छै मास की ही आयु में :वे: अब टिटकारी :पशु को बुलाने,प्यार करने आदि की
आवाज़: दे रहे हैं ।

वह धनी द्वार :घर में: पर चोरी का टटवा कम कर रहे हैं ।

घर के बाहर :गाय बांधने का बाड़ा: से वे गाय बाहर निकालते हैं ।

:चराने के लिए: गायें माता जी की डांग में :उन्होंने: छोड़ दीं ।

इतराये हुए :घमंडी: ग्वालों का घमंड दूर किया :राजकीय ग्वाला:
होने से वे घमंड में थे,उन्हें मार पीट कर भगा दिया क्योंकि उन्होंने मना करिक
किया-"यहां मत चराओ पशुओं की यह स्थान राजा के लिए सुरक्षित है ।"

:पशुओं को घर ले जाने का समय होने पर भी: भाई ने गायों को -
बैलों को चारा-पानी :के लिए: नहीं लौटाया ।

रुक्मावती को पता लग गया था कन्हैया :भाई: डांग में :पशुओं: को ले गया है ।

बांस का टोटा :टुकड़ा: बहिन जी ने गठ्ठी में रखा ।

माता जी की डांग की ओर भवानी जा रही है ।

धनी मझोय :एक झाड़ का नाम: का झाड़ जिस पर अमर बेल छायी है ।

ढोर वाले :पशु पालक भाई: सुख निद्रा में सो रहे हैं।
बेटी ने वाले की ढोर वाले :भाई: की उष्णीष :पगड़ी: को खींच दिया।
कुंवर की नींद जब मांझिसार में खुली -
"बहिन जी अपने घर लौट जाइये।
कन्हैया :मैं: यह झाड़ी-ढांग अब नहीं छोड़ूंगा।
नहीं तो अब मेघल की दुकान में जाइये।
उससे बछेड़ा :घोड़ा: मर्वा :बनवा: लीजिये।
जिस पर :घोड़े पर: चढ़ कर भवानी :मैं: झांझ नगरी में जाऊंगा।"
बहिन जी द्रापदी :भाई: को ऐसे समझाये -
"मेघल बहुत अधिक हाथों का कोढ़ी, पांवों से पंगु और आंखों से अन्धा है।
उसने बारह वर्ष से मेरे भाई मटसाल :मिट्टी के बर्तन बनाने का स्थान: को नहीं
देखा है।"
:ऐसा मेघल:"किस तरह मेरे राम :मन को प्रमुदित करने: के लिए ठीक से बच्चे को
:चक्र: भाये।
जिस पर चढ़ कर भाई :तुम: नगरी झांझ को जाये।
मेरे भाई व्यर्थ ही ऐसे खटका खटका रहे हो : परेशान कर रहे हो:।
आज बेटी :मैं: दुर्गति:, व्यक्त, दुःखित होकर नगरी में जायेगी।
:फिर वह फुसलाती है: मेरे भाई उड़ीस मरू का अच्छा बाजार लगने दो।
जब :उस समय: अच्छे मूल्य का :महंगा: बछेड़ा :मैं: खरीद दूंगी।
मेरे भाई :तुम घोड़े की तेज चाल के (१०) कारण: पवन में फहराने लगोगे।
:अगर इससे भी असंतुष्ट हो तो: हरियाना देश का बछेड़ा ले दूंगी।"
:लेकिन: वह नगरी-द्वार पर मचल गये -
"भवानी, तुम मेरे कुंज के द्वार पर जाओ।
:वहां: अनब्याही बछोरों :गायों: का दूध निकाल लो :दुह लेना:।
:उस दूध से: रच-रच कर :अच्छी तरह से: मेघल को स्नान कराना।
:उस: दूध से नहाने से :मेघल: सौ वर्ष के हो जायेंगे।
जिससे स्वस्थ होकर पक्की पीढ़ :चक्र: का बछेड़ा माढेंगे।"
भोली बहिन द्रापदी :कृष्ण: को समझाती है -

"मेरे लाड़ले, कल्याई गाय में दूध बार-बार नहीं निकलता है ।
मुझ से माई :व्यर्थ में ही: भारी डाड़ :जुर्माना: ले रहे हो ।"
द्वापरी :माई: भवानी को समझाते हैं -
"भवानी, तुम मेरे कुड़न के द्वार पर जाओ ।
:वहाँ: सब ब्याई बछेरें :गायें: :रही: मिलेंगी :जैसे थे: लबालब :दूध से: भारी गायें हों ।
भवानी कुड़न के द्वार पर :उनका: दूध दुह लेना ।
मेरी :शक्ति: एक नींभ का फाँका :टहनी: पहले तोड़ लेना ।
:बाद में: मेघल के स्नान :घर पर: जाना ।
उससे :दूध से: फिर रच-रच के :मेघल को: स्नान कराना ।
यही मेघल मामा पहली पीड़ का बोझा :मेरे सिर: मायेंगे ।
अब भवानी उसी समय उस ढांग में चली जाती है ।
वैसे ही भवानी कुड़न के द्वार पर पहुँची,
:वहाँ: सब ब्याई बछेरें :दूध[५१] से: लबालब भरी थीं ।
भवानी ने एक गाय को लगाया :देखा और: सोलह शृंगार कुड़न के द्वार पर किया।
उस ढांग के बीच में :माई का यह चमत्कार से: भवानी को अब विश्वास हो गया-
"सचमुच :ये: गढ़खड्वा से बदला ले लेंगी ।
मुझे इसी ढांग में :उनके सामर्थ्य का : परिचय मिल गया है ।"
:वह: दूध की खेप मेघल के द्वार पर ले गयी ।
मेघल अपने भवन के मध्य में सो रहे हैं ।
मेघल सोये हुए हैं निबुलिया :पत्नी: घर में :उन पर: पंखा कर रही है ।
"मामा को भवानी ने भरपूर :जोर की: आवाजें दीं ।
भवन के मध्य से निबुलिया उत्तर देती है -
"मेरे पति सुख की नींद सो रहे हैं ।
मेघल के बीच में :शरीर में: मैं पंखा कर रही हूं ।
फिर :पति के जागने पर: मैं तेरी पुकार सुनूंगी ।"
निबुलिया तो पतिव्रता है :जो अपने: धर्म को यत्न :से निभाती है: ।

:बंदी लिए हुए सोये: अपने पति को जगाती नहीं थी ।
:लेकिन: जब मेघल के कानों में आवाज गयी ।
उस समय :मेघल ने: निबुलिया को हुक्म फरमाया :कहा: -
"निबुलिया तू अपने द्वार :दरवाजे: पर जाओ ।
:और देखो: मेरे दरवाजे कौन 'मामा' कह कर पुकार रहा है ।
किस देश :स्थान: की भान्जी मेरे अपने द्वार :घर: में आयी है ?
उसका आना विचित्र सा है क्योंकि हम को तो पहले से ही नठिया माना जाता है।
निबुलिया दरवाजे पर :देखने: जाती है ।
दरवाजे पर जब :वह: भवानी की शक्ल देखती है -
"मेरे पास :विनिमय के लिए: पीतल के बरतन नहीं हैं, गांठ में पर्याप्त पैसे नहीं हैं ।
यह दूध, दही भवानी हमें नहीं लेना है ।
तुम किसी और के दरवाजे (१२) :जाकर: भवानी :अपना दूध-दही: बेच लो ।"
भवानी निबुलिया को समझाती है -
"दरवाजे पर मामा को बुला दीजिये ।
:वह: मेरे सभी काम को संवारेंगे :बनायेंगे: ।
:उन्हें: तुम दरवाजे पर लिवा लाओ ।"
निबुलिया द्वार पर भवानी को उत्तर देती है -
"बेटी, सोये स्वामी को मैं नहीं जगाऊंगी,
:और: न पलंग से :ही: उतार कर लाऊंगी ।
भवानी, तुम मेरे घर के बीच से चली जाओ ।
उस सीढ़ी :के ऊपर: तुम्हारे मामा लेटे :हुये: हैं ।
वहीं जाकर मामा को जगा लेना ।
भवानी मकान के बीच में :से: गयीं ।
मेघल पर दूध का छिलका :छींटा: भवानी ने किया ।
दूध की छींटा लगते ही मेघल सौ वर्ष के हो गये ।
आंखों से :यह चमत्कार: देखते ही मेघल ने :श्रद्धा से: भवानी के पैर पकड़ लिया ।-

'मां मेरे लिए तुम दूसरे भगवान :की तरह: हो गयी हो ।
मेरी माता मैं तुम्हारा क्या काम करूं ?'
मेघल को भवानी :अपना प्रयोजन: समझाती है -
'मेरे मामा, तुम कुम्हार गढ़ी के पार जाओ ।
:वहां तुम: एक हाथ :मात्र पहले फावड़े की चोट पर: मिट्टी खोद लेना ।
:उस मिट्टी को: मामा सिबुलिया के शीश पर धर देना ।
जिससे :उस: मिट्टी को :लाकर: मटसाल में डाले ।'
:मेघल ने रुक्खादी के कथनानुसार किया:
उस मिट्टी को सिबुलिया हाथ से रौंध रही है ।
मेघल चक्के को घर के उस दरवाजे पर घुमा रहे हैं ।
सिबुलिया ने कोड़ा की पीढ़ :एक प्रकार का शिरोभूषण: हाथ से बना दिया ।
दरवाजे पर मेघल कोड़ा बना रहे हैं ।
:लेकिन अभ्यास छूटने से: पहली पीढ़ के कोड़ा टेढ़े-मेढ़े बन गये ।
:इसीलिए: मेघल ने दूसरी पीढ़ का कोड़ा बना दिया ।
(१३)
छेड़ सौ :और: कोड़ा :मेघल: ने :सुन्दर: देखने योग्य मां :बना: दिये और
:बाद में: छेड़ हजार भी ।
दसियों :अनेक: कोड़ा मेघल ने मांजकर थाल में जमा लिया ।
अपनी धर्म व्यवहारी बहिन से मेघल मदावत :कैसे: हो गये ।
मेघल मार और चक्र दोनों की मिट्टी :से: मल कर धो रहे हैं ।
:मेघल कोड़ा लेकर जाते हुए: तीसरे वन :में: बेटी के आड़ द्वार पर पहुंच गये ।
मेघल की पत्नी ने :अन्य: थोड़े नगर द्वार पर :जाकर: लाये ।
यह सुरमा :भाई: बेटी और मेघल से कहते हैं -
'यह दूसरी मांवर का कोड़ा :बहिन तुम: क्यों ले आई हो ?
मेघल :इस: कोड़ा को राजा के निवास :पास: में ले जाओ ।
राजा से :इसके बदले में तुम्हें: मेवा भारी इनाम मिलेगा ।
:मैं: दूसरी मांवर के कोड़ा से उधारी नहीं करूंगा ।
:ऐसा करने से: मेरे क्षत्रियत्व का मान घट जायेगा ।

पहली भांवर का बछेड़ा :मेघल: लेते आइये ।
राजा घेटी :रहलादी: को मेघल समझाते हैं -
"अरे कन्हैया, पहली भांवर के बछेड़ा टेढ़ा हो गया है,
इसीलिए दूसरी भांवर का बछेड़ा मैं घर में :तुम्हारे: ले आया हूं ।
इसीलिए कन्हैया ने उस घोड़े को फेंक दिया ।
मेघल दूसरी भांवर का बछेड़ा अपने घर ले गये ।
"मेरे मेघल :भाई ने: कहा, पहली भांवर का बछेड़ा लेते आइये ।"
पहली भांवर का बछेड़ा उस सूरमा ने घुड़साल में बांधा ।
कन्हैया ने उस घोड़े के आगाड़ी पिछाड़ी लगायी ।
वह कंठ और मुख में :घोड़े के: लोहे का छल्ला लगा रहे हैं ।
राजा घेटी :रहलादी: उन्हा :भाई: से दुबारा कहती है -
"मेरे भाई, मिट्टी का बछेड़ा बूंद :पानी: पड़ने से गल जाता है ।
इस बार उत्तरायण में पुना मार्ग का मेला लगने दो,
जिससे तुम्हें बड़ी कीमत का :घोड़ा: देख भाल कर खरीद दूंगी ।
राजा घेटी को वह कन्हैया :उस बछेड़ा का प्रयोजन: समझाते हैं -
"अरी बहिन, :मैं: कम मोल :खरीदे: के घोड़ों की सवारी नहीं कर सकता :क्योंकि-
ऐसा करने से: मेरे गुरुओं का सम्मान समाप्त हो जायेगा ।
(१४)
यही बछेड़ा सीधे से :अच्छी तरह से: जायेगा :काम देगा: ।"
"राजा घेटी" :गायक से भूल हो गयी यहां भाई को होना चाहिये था अतः दुबारा
रूप होगा-: भाई ने ब्रह्मा का ध्यान किया, गुरुजनों का पवित्र, महान नाम लिया ।
आधी रात को आंवला :वृक्ष का नाम: के :नीचे: उस सूरमा ने ब्रह्मा को स्मरण
करके :उससे: सम्बन्ध स्थापित किया ।
वह सूरमा घोड़े के सभी अंगों में अक्षर :मंत्र: पढ़ कर मार रहा है ।
:उसके: पहले अक्षर के मारते :ही: घोड़ा फुरहरी :कंपकंपी : जीवित होने का भाव।
लेता दिखा ।
"भोला जी के नाम" नाम का दूसरा अक्षर बड़े ध्यान से :उसने: मारा ।
:और: घोड़े को : प्राणवान होने पर: घुड़साल के बीच खींचने लगे ।

इसीलिये :घोड़े के जीवित होने पर: सुरमा ने :उसके सामने: हरी घास डाली ।
तब घोड़ा हरी घास खाने लगा ।
:दूसरे दिन भाई युद्ध में जाने के लिए बहिन से आज्ञा चाहते हैं:
"बहिन, मैं :जो: कह रहा हूं :उसे: सुनो -
सुरमा को :मुझे: वैरी देश में जाकर युद्ध करना है ।"
राजा बेटी भाई से :जाने के विषय के सम्बन्ध में: जानने :केलिए: पूछती है -
"क्यों कन्हैया, क्या कुटुंब :घर के लोगों में से किसी की: कोई बात तुम्हें लग गयी है :बुरी लग गयी है: ?
किसलिए तुमने घोड़े को सजा कर :जाने के लिए: तैयारी की है ?
इसका विवरण :इस बारे में: :मुझे: सुना दो ।"
कन्हैया इसके वचन :इतना कहना: उस बहिन का सुनते हैं -
" :मुझे: न तो ज्ञान :विद्याध्ययन की बात: लगी है, :और: न कुटुंब की :ही: कोई कड़ी बात :बुरी: लगी है ।
बांगर से जाकर भवानी मुझे संबंध करना है :मिलना है: ।
:जिससे कि अपने: माता-पिता, बहिन के :अपमान का: बदला चुका सकूं ।
मामा जी के देश में तुम्हारे :प्रयोजन के लिए: घोड़ा सज रहा :तैयार हो रहा:है।"
राजा बेटी भाई से दुबारा कहती है -
" तुम्हारी आयु सिर्फ आठ वर्ष की है, होंठ से दूध की लार टपकती है,
लड़ाई के दांव कन्हैया तुमने नहीं देखे हैं ।
लाड़वे, बांगर के घर में बहुत से जाट हैं ।
वे तुझे धनुष-बाण से मार कर तेरा घोड़ा छिना लें ।
इसीलिए लाड़वे घर के दरवाजे पर रोकने (७५) :के लिए कहने: से मान जाओ : जाने का आग्रह मत करो: ।"
कन्हैया राजा बेटी से कहते हैं -
पृथ्वी :लोक के: संसार में :हमें: भवानी बारंबार नहीं आना जाना है,
:दुबारा हमें जन्म आदि नहीं लेना है: ।
भवानी बारंबार :दुबारा हमें: मनुष्य का अवतार धारण नहीं करना है ।

भवानी भीखा बारंबार : दुबारा किसी को इस तरह का: काड़ वरदान नहीं देंगे।
केवल भी बार-बार पहली भांवर का बोड़ा नहीं मांगेंगे।
बार-बार :हमें: भीखा के गढ़ एवं नाथों के स्वामी :हिमालय: की धूनी नहीं
टारना है : प्रायश्चित के लिये हिमालय में तप का पूर्व संकेत।:
इसीलिए सांगर :वैरी: की याद दिन और रात :मन में: रहती है।
सांगर के कारण ही :बदले की भावनावश: भवानी हमें सुख की नींद नहीं आती है।
इसीलिए जाकर मैं माता-पिता के अपमान का बदला लूंगा।"
यह कन्हैया राजा बेटी को समझा रहे हैं-
"अपने हाथ से :कुमारी: भवानी आरती उतारिये।
मुंह भर के वचनों से :हमें: बहिन आशीष दे दो,
जिससे सांगर से : बदले का प्रयोजन: राजा बेटी :मेरा: पूरा हो जाये।"
राजा बेटी ने ब्रह्म का स्मरण किया और गुरु का नाम लिया।
राजा बेटी भाई से कहती है-
"जैसे गंगा-जमुना में पानी बढ़े :वैसे ही मेरे: भाई के तलवार की धार बढ़े।
मेरा स्नेही :भाई: सांगर को पकड़ें टेढ़े :मात्र: करते ही मार दे।
और कन्हैया मार्ग में :बच्छी गाय: चोरी की खोजना :देखना:।
उस नमूने :बच्छी गाय: को काशी -कांक :में किसी को ? : को भेंट करदेना।"
(१८)
जब बहिन का कहना यह कन्हैया इतना सुन लेते हैं,
:तब: उस कन्हैया के दोनों पांव :घोड़े से: लटक पड़े।
सुरमा ने घोड़ा को लखुंरी चाल से बढ़ा दिया।
एक वन को सुरमा :और: दूसरा :वन: पार कर गये।
तीसरे वन में :वह: जाकर शत्रु देश में पहुंचे।
पांचों की मांकिपार में पांच भट्टियां जोतीं जाती हैं।
:भट्टी की ज्वाला से : उस सुरमा को :नेत्रों में: चका चौंध लग-लग जाता है।
:मार्ग कहता है: -" क्या :यह: सोने की लंका है, :अथवा: क्या वन में आग लग
गयी है ?
और भीखा :नौकर का नाम: :क्या: दूसरा सूर्य उगा है ?

"आज :मुझे: वैरी देश में किसलिये :नेत्रों में: चकाचौंध लग रहा है ?
:सीता कहता है:- :यह: न :तो: सोने की लंका है, न वन में आग लगी है,
और न कन्हैया दूसरे सूर्य :ही: उगे :उदित हुए: हैं।
:ये: राजा द्वारा बनाई पांच कलारिनें हैं।
उन्हीं पांचों की पांच भट्टियां रात और दिन धुंक:जल: रही हैं।
उन्हीं की ज्योति :यह: आभा हो रही है।"
ये पांचों की भट्टियां दिन और रात धुंकती हैं।
नाथ जी :सुरपाल: तथा कहने से :वे: सुन्दर घाट से पीछे :भट्टी के लिए:
चल दिये।
"मुझे भट्टी के द्वार पर भट्टी का फौंका क्यों लग रहा है ?"
कलारिन :उन्हें: उस समय :पास: बुलाकर पूछती है -
" अरे घोड़ा वाले तुम कौन देश से आ रहे हो ?
कौन देश के जाने के लिए :तुमने घोड़ा: सजा कर तैयारी की है ?"
:सुरपाल-भाई कलारिन को उल्टा-सीधा जवाब देकर, मदिरा मुफ्त में मांगते
हैं अतः कलारिन बहाना बनाती है :-
"दुकान में मुझे प्याला नहीं दीख रहा है।"
(१८)
:सुरपाल पुनः आग्रह करते हैं :
कलारिन ने नाथ :लज्जारूपी रस्सी: :एक ओर: रख दी है : वे शर्मीं थे:
और कटु बातें कहती हैं।
मोहन जी :पीने की: धुन है जिस पर :ऐसे वैसा तर्क व्यवहार कलारिन का है:।
कलारिन कहती है - ":मुझे: अपनी दुकान में अन्धेरा दीख रहा है।
कौन देश से तुम्हारा आना हुआ है और :कौन से: देश को जाना है,
:जहां कार्य है वहां जाओ, क्यों व्यर्थ में यहां समय नष्ट करते हो:।
:सुरपाल चिढ़कर कलारिन को भला-बुरा कहते हैं:
:कलारिन भी ऐंठ कर कहती है:- "मुझे बाजार में :यह: मेरी हाट राजा की ब
बनाई है : ऐरे-गैरे द्वारा नहीं :।
तुम्हारे जैसे पीने वाले घोड़े वाले मेरे यहां नित्य आते नित्य जाते हैं।"

:बहुत अधिक मात्रा में बिक्री होने से : - अरे कन्हैया, मेरी दुकान में मदिरा नहीं मिलती है।

:फिर मेरे लिए तो: अरे :क्या: कहा जाये :क्या कहूं: तू :तो: गुजर का लड़का है :जो: मदिरा का स्वाद क्या जानता है ?

तू :तो: खट्टी छाछ का पीने वाला है।"

:कलारिन के: इतने वचन जब कन्हैया सुन लेते हैं।

तब कन्हैया की :क्रोध: से: आंख लाल पड़ गयी है, मुंह के बाल फड़कने लगे -

"अरी कलारिन, धीरे :धीमे:-धीरे जबान बोलो।"

ऊधो ने ध्रुव का ध्यान किया :और: गुरु में पूरा ध्यान :केन्द्रित: किया।

:वह: उस समय एक कला में कलारिन से बातें करते हैं।

दूसरी कला में :वह: कलारिन की भट्ठीशाला में घुस गये।

तब :सुरमा: ने बारह भट्ठी की मदिरा का स्वाद लिया।

दूसरी कला में :ही: तेरहवें :मदिरा पात्र: को लुढ़का दिया।

:सभी मदिरा: मेंडेरी :बर्तनों: को वह कन्हैया सूखी :खाली: कर गया।

:इसके बाद उसने कहा:-" अरे कलारिन तुम अपनी दुकान की देखभाल करो।

कलारिन, मैं बैरी की राजधानी में जा रहा हूँ।"

सुरमा ने घोड़ा को खूंटी बाल से खड़ा किया।

कलारिन पलट कर अपनी दुकान में गयी।

इसके :देखने पर: खाली बर्तनों पर :उसकी: नजर पड़ती है।

भाई वह :श्रोता से गायक का कथन:, कलारिन अपना सिर :जमीन: मिट्टी में पटकने लगी।

:कलारिन कहती है -" मैं नहीं जानती :वह: छलपती दूसरे भगवान :रूप में यहां: आ गया था।"

(१८)

कलारिन :सुरपाल के पीछे: भागती जाती है, वह लम्बी-चौड़ी गली में रोती जाती है -

"लीला धारी लीला :काला घोड़ा या घोड़ा: को राय गह कर :पकड़ कर: थाम्भिये :रोकिये:।

मैं :दया की: आशा में लीला वाले तुम्हारे पास मांगती आ रही हूं ।"

:गायक की ओर से: वह घड़ियां धन्य हैं :और: उस घड़ी का प्रभात : भी - धन्य है: ।

उन्हीं घड़ियों में वह ग्वालिन थोड़े :वाले: का बखान करती है -

" लीला वाले लीला को हाथ पकड़ कर रोकिये ।

मेरे महाराज :तुम्हारा महत्व: मैं नहीं जानती थी ।

:साधारण: मनुष्य समझकर तुम्हें घुमा-फिरा कर अपनी दुकान में :मैंने: बातें कीं ।

मैं नहीं जानती :आप: वर्णी : भेष बदले हुए: बड़े महाराज हैं ।

मैं अभागिन :दया की आशा में: तुम्हारे पास मांगती आयी हूं ।

इसीलिए : दया करने के लिए, अपराध को क्षमा करने के लिये :

लीला को :आप: रोक दीजिये :बिना क्षमा दिये, किये बिना:

लीलावाले आप जा नहीं सकते : मैं जाने नहीं दूंगी: ।"

उस ब्रह्मा को ग्वालिन पर दया आ गयी ।

इसीलिए हाथ गह कर :पकड़ कर: लीला को रोका ।

ग्वालिन ने लीला के हाथ की हाथ को पकड़ लिया :रोकने के लिए: ।

ग्वालिन :उनके: चरण पकड़ती है और ध्यान :मन: से विनती करती है ।

ग्वालिन कहती है -" लीलावाले, मेरी भूल-चूक को माफ कर दीजिये ।"

: कृपाल व्यंग करते हैं:" ग्वालिन तुम अपने महल :घर: को लौट जाओ ।

हम तो गूजर के लड़के हैं,

:तो: मदिरा के स्वाद को क्या जाने ?

हम तो ग्वालिन खट्टी छाछ के पीने वाले हैं ।"

जब ऊधा के इतने वचनों :इतना कहना: को ग्वालिन सुनती है -

"अरे, ओ लीलावाले मेरी गलती पर ध्यान मत करना ।

:साधारण: मनुष्य समझकर :भ्रम में: तुमको :मैंने: अपनी दुकान पर :मदिरा- पीने से : रोका था ।

(१६)

अरे मेरे ऊधा, मेरा तो जन्म-जन्म का :हमेशा का: रोजगार : तुम्हारे रुष्ट - होने से: टूट गया है ।

"अरे ऊधा जी तुम्हारी :दी दी गयी: रोटी :कृपा: तो मेरा पेट :भरती :
है :भरण -पोषण करती है ।"
ऊधा जी को ग्वालिन पर दया आ गयी थी ।
:उन्होंने मटुक उठाकर ग्वालिन को दी :और: कहा -
"ग्वालिन :तुम: लौट कर अपनी दुकान :को: जाओ ।
:यह: स्थान तुम्हें फूल :पहली बार सींची हुई शराब: से पुनः भर जायेगा ।"
तब ग्वालिन लौट कर अपने रंगमहल को जाती है ।
:ब्रह्मा ने : सीता को बेरी देश में बढ़ा दिया ।
:वे: सीता की खूंटी बाल से बढ़ाते हैं ।
कन्हैया एक वन को और दूसरा पार कर गये ।
तीसरे वन में ब्रह्मा मांझिवार पहुंचे ।
कन्हैया ने मांझिवार में डेरा डाल दिया ।
:उन्होंने: उन घड़ियां :उस समय: में तुरत :बहुत झुकी हुई: कील को खोला ।
यह कन्हैया :मुरली को: पोंछते हैं : उस पर पड़ी धूल को साफ करते हैं:,
उसके मुंह :सिर: पर हाथ धर कर :रखकर: पुचकारते हैं : स्नेह पूर्ण आवाजें -
देते हैं : ।
:प्रलाप करते हैं:-" गौरी, मुरली मैंने तुम्हें चने हुए :लगे हुए: दूर्वांजी को
चुगाया : खिलाया: है ।
मुरली :तुम्हें: मैंने स्वादिष्ट दूध पिलाया है ।
:अब: अब: बैरी देश में नमक हरामी मत करना ।
तेरे कारण मुरली :मेरा: माथा नीचा न हो ।
:तुम: बैरी के गढ़ : जो एक जगह बैठ जाने पर वहां से जल्दी उठे नहीं: :में:
रुको ।"
ऊंचे गढ़ में मुरली चारों तरफ देख कर :स्वर: खींचने लगी :करने लगी:
:उस समय: मोती झील :की ओर चरने के लिए: गौरी चली थीं ।
तालाब के :पास के: ऊसर :के खेत: में आकाश के तोरे :तोते की एक जाति: थे।
राजा की गोदी में :पास में: जांत : आटा पीसने की चक्की : जैसे शक्तिशाली
:मनुष्यों को चकनाचूर कर देने वाले : लोग खेलते :रहते: हैं ।

(२०)

मुरली बड़ी ही :सावधानी से: चारों ओर :देखती है: ।
अब मुरली धीर की ओर:भाई के पास: उतरती जाती है ।
धीर के युगल के बीच मुरली जाकर बैठी ।
दूर बैरी का हाल मुरली निकट से सुनाती है ।-
"मेरे जोर :स्वर प्रभाव: से कृष्ण राधा की धौरी :गायों: को अपनी बना लें, :लीजिये: ।
:वे गायें: उस पार :तालाब: में यादवों के साथ हैं ।
कम उम्र के कुछ गड़रिये :गुल्ली: डंडा और डोर :लट्टू: खेल रहे हैं ।"
कृष्ण बड़े मियों : चरवाहे: के पास जाते हैं -
"अरे चरैयियों, तुम किसकी धौरी गायें चरा रहे हो ?
मेरे ग्वालबालों यह मुझे बता दो ।"
चरैती कृष्ण को बदले में उत्तर देते हैं -
"हम राधा के :राजकीय: चरैती गोप-ग्वाले हैं ।
उन्हीं की :राधा की: धौरी गायें चरा रहे हैं ।"
मुरली :कुछ: उस कृष्ण को समझाती है ।
घुमा-फिरा कर कन्हैया चरैयियों से यही सवाल करते हैं ।
:प्रत्युत्तर में चरैती कहते हैं: -"अरे हम राधा की धौरी गायें चरा रहे हैं ।"
इस समय यह कृष्ण :स्वतः: खड़े मन ही मन :में: विचार करते हैं ।
यह कन्हैया मन में विचारते हैं :सोचते हैं: ।

(२१)

उन्होंने प्रेम की मुरली को बजा दिया :मधुर स्वर में उसने गाया कि: धौरी मोहित:मुग्ध: हो गयीं ।
धौरी को मोह लिया, उस तालाब : के पार के ऊख के खेत के: तोतों को भी मोह लिया ।
चरैयियों को :उनके चीं-चपड़ करने पर: :उन्हें: दुःख देने वाली चोटों से मार लगायी ।
मांझधार में ग्वालों को मार भगाया ।

घोसी भाग कर राजा के दरबार में पहुंचे ।

:वे: हाथ जोड़ कर विनती कर रहे हैं और भारी लाचार :बड़े विवश: पड़ते :होते: हैं -

राजा, :एक: घोड़ेवाले ने हमें कष्टप्रद मार :लगायी: दी है ।

उसने प्रेम की मुरली को बजाया किया :जिससे: गायें मोहित हो गयीं ।

राजा भैया, गायें मांझधार से जा रही हैं ।

राजा, इसीलिए :हम: भागते हुए तुम्हारे दरबार में आये हैं ।

भरे दरबार में राजा की नजर बदल गयीं :क्रुद्ध हो गया:

फौज :की: जमाकर :युद्ध के लिए: राजा ने तैयारी की ।

तब :राज्य: भवन के द्वार पर तेरह वर्णों के घोड़ा सज गये ।

वे फौजें मांझधार में चली जा रही हैं ।

:फौजों के कारण: पत्थर मुड़कर कंकड़ हो गये, :और: कंकड़ मुड़ कर तीर :की तरह तीखा: हो गये, धूल : घोड़े की टापों के कारण: आग :की गर्म: हो गयी ।

:उनके चलने से इतनी अधिक: धूल आसमान :वायुमंडल: में उड़ी जिससे सूरज लुप्त :छिप गये: हो गये ।

:गायक अपनी ओर से:-इसीलिए मेरे सूरमा :दिन ही: अंधेरी रात जैसा हो गया ।

मीखा मुनी से कथा की :कारण: समझना :चाहते हैं: -

किस कारण से सूरज, मीखा मुनी, लुप्त :छिप गये: हो गये हैं ।

मीखा मुनी जो राजा के कुल के वादेदार हैं ।

:वह: मांझधार में :सूर्य छिपने का : कारण सुनाते हैं -

राजा से सब बतांदी :मीखा: उत्तर देते हैं -

अरे भैया, राजा की डेढ़ हजार फौजें चढ़ आयीं हैं ।

अरे सेना के कारण पत्थर मुड़कर कंकड़ हो गये, कंकड़ मुड़ :कर तीक्ष्ण तीव्र गये हैं, धूल आग :हो गयी है: ।

:सेना के चलने से: धूल आसमान में :इतनी: उड़ी :है: जिससे सूरज :का: लोप हो गया है।

इसी से सन्ध्या अंधेरी रात हो गयी है।"
ऊधा ने प्रभु का ध्यान किया :और: गुरु नाम लिया।
मांझधार में व्यापारी जरा फैलाते हैं।
जब पत्थर मोती को :वे: मांझधार में बरसाते हैं।
इसीलिए झोली भर-भर फौजें मोती बिनती हैं।
झोली भर मोती भर कर :फौजें: अपने घर की ओर चल देती हैं।
: दैनिक धन के लिए प्राण संकट में (१२२) डाल कर युद्ध करते हैं, जब अनायास, सहज रूप
में जीवन भर के लिए धन सुलभ हो जाये तो फिर युद्ध कौन करना चाहेगा ? :
इसीलिए वे अपने घर द्वार :घर की ओर: लौटते जा रहे हैं।
:सागर को पार कर: उस सन्ध्या ने हरियाने गांव की ओर चढ़ावा किया:चले:।
मीरा अनुनय उस सूरमा से करती है -
" ओ सूरमा, मेरी इच्छा पर ख्याल करो।
राजा अपने सेना का पड़ाव का हरियाने गांव में आराम नहीं कीजिये।
हरियाने सूरा जाट :राजा गजसिंह की: बेटी ब्याही है।
इसीलिए काशी झांक में मोचरा :सेना के साथ: आराम कीजिये।
ऊधा जी ने मीरा की बात को सुना।
वह ऊधाजी मीरा से कहते हैं -
"मीरा अनुजी, तुम हरियल टोड़ा झांझ :गांव में: में वापस चले जाओ।
मैं :ओछे ही: हरियाने :की वीरता: का नमूना देखूंगा।"
इसीलिए हरियाने गांव की ओर मोचरा बढ़ा दिया।
सूरमा एक वन चले और दूसरा पार कर गये।
तीसरे वन में सूरमा सागर पार पहुंचे।
:वहां: यादू या याद :भूतकाल या यादगारी के: के लिये :बनवाये गये: कुंए,
नौ बावड़ियाँ थीं :जिनमें,तालाब के अन्दर:घनी छिपी :हुई: रुड्जटा थी।
वहां सूरा जाट की :ब्याही: बेटी पानी भरती थी।
उस आदमी की नजर :दृष्टि: घोरी पर जाती है।

"चिन्तामग्न: खड़ी :वह: मन में विचार करती है ।
जाटनी मन में सोचती है -" ये धोरी गायों :की:
परेशानी :चिन्ता: मेरे मन में आती है :कि: ये :मेरे: पिता जी की धोरी गायें हैं ।
:यह: घोड़ा वाला किसलिए धोरी को पृष्ठ से :पीछे से: ला रहा है ।
:पिता जी जो: बारह गांव के चौधरी हैं और तेरह के सरदार हैं ।
किस कमावन्द भाई ने धोरी पूना के बाजार के लिए रवाना कर दी है ।"
जाटनी उस ओर घोड़े वाले से पूछती है -
" कौन देश से तुम्हारा आना हुआ है और कौन देश को जा रहे हो ?
:इसका: लम्बा ब्यौरा :विवरण: और घोड़े वाले :मुझे: सुनाना ।
कहां से ये धोरी-गायें खरीदी हैं ?
वह ऊधा बेटी को उत्तर देते हैं -
"मैंने पूना के बाजार से :ये: गायें धोरी खरीदी हैं ।
उसी के न्यायसंगत अनुसार मैंने काफी डाम :पैसे: दिया है ।
इसीलिये धोरी को हरियल टौड़ा फांफ में ले जा रहा हूं ।
आज का विश्राम ब्याहिन तुम्हारे नगर पार करूंगा ।"
जाटनी घोड़े वाले से फिर से जवाब करती है -
":मेरे: पूरा पति सो रहे हैं :स्थिति से अनजान हैं:, :और संभवत: न: मेरे भाई :अपनी: ससुराल चले गये हैं ।
इसीलिए चकरी सुनी :पाकर: घोड़े वाले तुमने :गायें वहां से: टार:चुरा: ली हैं ।
इसी से चौन :आदि भी: :तुमने: रात में योग : सुअवसर प्राप्त होने पर: चुरा लिये होंगे ।"
इतने वचन :उसके: ऊधा जी सुन लेते हैं ।
ऊधा जी जलहारी को बहुत बढ़-चढ़ कर उत्तर देते हैं -
"अरी जलहारी, गंगा पार झूठे बचनों की मत कहो ।
:यद्यपि मुझे अब: सौदे के मूल्य : के सम्बन्ध में सही कीमत: की याद नहीं है,

:फिर भी: मैंने झोली भर कर ढेर से पैसे :गायों की कीमत के लिए: दिये हैं।
इसीलिए मेरे पशु :मेरे: टोला के रास्ते पर जा रहे हैं।
जलहारी इसीलिए :तू: अपने रंगमहल में लौट जाओ :तुम्हारी शंका व्यर्थ है: ।"
जलहारी ऊधा से फिर कहती है -
'घोड़े वाले कहती सुनो : अक्षय तृतीया का त्योहार- वैशाख शुक्ला तृतीया: मैं
अपने माता-पिता :मायके: के :यहां: गयी थी ।
:और: पुष्य : प्रसिद्ध नक्षत्र या पूस का महीना: में मैंने अपने माता-पिता छोड़े
थे :विदाई ली थी: ।
साथ :कैसे: पीहू पुष्प समूह सहित :तुम्हारे: पीछे-पीछे जा रहा है :सभी जानवर
साथ में जा रहे हैं,
अरे पक्षिया पशुओं के छोटे बच्चे: को :ही: तुमने पिता जी के घर में छोड़ा है ।"
जलहारी से ऊधा ने कहा -'यदि तुम ऐसा समझती हो कि मैंने चोरी की है,
तो तुम अपने जानवरों को आकर पहिचान लो ।' और उसके बाद-:
(२५)
तब ऊधा ने ब्रह्मा का ध्यान किया, गुरु से सम्बन्ध स्थापित किया ।
अरे, कलाधारी, उस गंगा पार में :अपनी: कला फैलाते हैं ।
:उन्होंने: काली गाय को धवल :सफेद बना दिया: किया, धवल को लाल-गुलाल
:सा बना दिया: कर दिया ।
ऊधा जी ने हरे :गायों को: उलट-पलट कर :यहां वहांकर : टेढ़ा तिरछा
लगा दिया ।
:उन्होंने कहा:-'ओरी जलहारी, तू अपने ननिहाल दौड़ी जा :जाकर वहीं रह:,
तू :यहां: गंगा पार किस तरह आ गयी : मायके की जब इतनी चिन्ता है और
उसके भ्रम में औरों पर शंका करती है: ?
जाटनी मेरे सुन्दर :गायों के: झुण्ड के धोखे में न आओ : कि ये तुम्हारी हैं: ।"
ऊधा जी के इतने वचन :यह कहना: यह जलहारी सुनती है -
'जाटनी, तुम अपने ननिहाल जाओ ।
जलहारी, तू मेरे पीछे-ही अर आ : मैं तो वहां से आ ही रहा हूं: ।'
:जलहारी चिढ़ कर कहती है: -' ओरे घोड़े वाले, तुम्हें गंगा की भारी कसम है ।

अरे घोड़े वाले, :तू: गंगा पार : उसी पाट पर: मोहरा :अपनी सेना को : रोके रखना ।

तब तक मैं :घर में: गागर की खेप रख आऊं ।"

तब ऊधा भी उस समय घुमा-फिरा कर कहते हैं -

"कोचा :शंकर जाति- दोगला: चोरी कर के आधी रात को भागता है ।

हम तो भोलानाथ के वरदान स्वरूप हैं ।

इसीलिए :निडर होकर: इस गंगा की पार :हम: जलधारी डेरा डालते हैं ।"

जाटनी अपने रंगमहल :केलिये: जा रही है ।

"भैया" :गायक का श्रोता के प्रति संबोधन: , :वह इतना तेज आवेग आदि के कारण चल रही है: जिसके पैर पृथ्वी पर नहीं लगते हैं ।

जाटनी एक वन चली और दूसरा :वन: भी पार कर गयी ।

तीसरे वन में जाटनी रंगमहल के द्वार पर पहुंची ।

उन सभी गागरों : और पानी भरने की: रस्सी को :उसने: रखा,

गुड़वा :नमक डाल कर बनाया हुआ गीला भात: को खूंटी में टांगा ग

एड़ियों से:क्रोध के कारण आवाज करती हुई पैरों से: सीढ़ियों में जाटनी चढ़ गयी :और उसने: जोरों से कुंभकर्णी :बहुत सोने वाले पति: पर लात रख दी :लात से पीटा: ।

जाटनी के पति रंगमहल में सुख की नींद सो रहे थे ।
(२५)

दुसराल का पिछौरा :उत्तरीय: ताने हुए पति उस रंगमहल में :सो रहे थे: ।

लड़की :पत्नी: ने राजा :पति: की कच्ची नींद से जगा दिया ।

:कच्ची नींद टूटने के कारण क्रोधवश: राजा की आंख लाल हो गयी, मूंछ के बाल फड़कने लगे ।

"अरे रानी, किसलिये तू ने :मुझे: कच्ची नींद से जगाया है ।

"ओ रानी, इसका सच्चा विवरण मुझे सुनाओ ।"

अरे :वह: जाटनी बड़ी लाचार :थी: हाथ जोड़ कर विनती करती है -

"अरे स्वामी, मेरा मायका छूटता है :और: तुम्हारी बनी-ठनी ससुराल छूटती है।

"क्योंकि एक घोड़े वाले ने माता-पिता को बिल्कुल उजाड़ दिया है ।

हंसी है :मायके के सभी: धौरी :गायें: गंगापार खड़ी हैं ।

इसीलिए कुंवर :पति: :तुम्हें गंगा: पार :घाड़े वाले से: युद्ध करना है ।

वैरी देख :उस स्थान से: जाने ना पाये :सही-सलामत: ।"

पति जलहारी के इतने वचनों को सुनता है

पति जलहारी से बदल कर :चिढ़ कर: कहता है -

" अरे ऐसी ससुराल में आग लगे और तू बड़े भाड़ में :जली: जा ।

:जरा से जानवरों के लिए: हम गली में हंसी उड़वाने के लिए गंगा पार लड़ाई नहीं करेंगे ।"

पति का इतने वचन : इतना कहना: जलहारी सुनती है -

: तो वह: जलहारी पति से फिर से कहती है -

" अरे पति, तुम ने किस लिए मर्द का अवतार :धारण: किया है,

:तुम जनानी रूप में क्यों जन्मे: ।

अरे किसलिये तुमने युवावस्था पर मुग्ध हो कर :उससे: बहुत जोरों का लाव रखा

:युवावस्था वीरता का प्रतीक है: ।

व्यर्थ के लिए तुमने माता के यौवन :की: दुग्ध :पान करके: खराब किया ।

अरे मैया, मेरा मन तो घोड़े वाले के साथ मर गया है : लग गया है: ।

तो स्वामी घोड़ा वाला मेरे मन बस गया है ।

गोरे पीहरे, :उसके साथ जाकर: मैं तेरी गली-गली में भारी :बहुत: बदनामी करूंगी ।

(२८)

अरे सजभांवरे :साथ भांवरे लेकर चलने वाले पति: मैं हरियाना गांव छोड़ रही हूं,

जिससे कि मैं अपने पिता की धौरी गायों की देखभाल कर सकूं ।

अरे स्वामी मैं :मायके की: गायों की गोबर की लेप डालूंगी ।

जलहारी के इतने कठोर वचन जब स्वामी सुनता है ।

इसीलिए वह स्वामी जलहारी को समझाता है-

"गोरी जलहारी, मेरे वचनों का :बु: ख्याल मत करना ।

अरे :अब: इस झांझ में भारी मारपीट होगी :झगड़ा होगा: ।

:लेकिन: भारी असाढ़ अब मेरी रानी लग रहा है ।

असाढ़ के बाद सावन लग जायेगा ।

इसी से लम्बी-लम्बी सुबकें लेकर मेघ बरसने लगेगा :दिन-रात:
भयंक में मेरी रानी प्रलय मच जायेगा ।
मेरे बैरी की :उसकी: चोंच चीर कर नष्ट कर दूंगा ।
इसीलिए :स्थिति की भयंकरता का विचार करके: रानी भवन में रहने से मान
जाओ :बात अभी घर में ही है: ।
वीर के यत्नपूर्वक :बनाकर कहे गये: वचनों को पटरानी ने सुना ।
पटरानी दुबारा कहती है -
तुमने, अरे क्यों :मनुष्य का: अवतार धारण किया है ।
:तुम अगर: पुतला-पुतली से :होते तो: :मैं: पैसा न्योछावर कर देती ।
अरे प्रियतम भैया, मैं :तुम्हारा: सुन्दर ब्याह रचाती ।
तुम्हारा मैं कन्या दान देती ।
अरे पीहरे, मैं तुम्हें हरी चुड़ियां पहनाती ।
पीहरे, तुम्हें :मैं: तिलक करके पूजती :और: गाती ।
तुम से पीहरे :मैं: हृदय भर के भेंट करती ।
:उसके बाद विदा के लिए: तुम्हें डोली में बैठा देती ।
अरे जब पीहरा :पत्नी के: इतने वचन सुन लेता है ।
:तब वह: पीहरा रंगमहल में जुनून :उन्माद: से भर गया ।
:उसकी: आंख गुस्से से लाल पड़ गयी, मुंह के बाल फड़कने लगे ।
:उसने कहा:- ' गोरी रानी, ऐसी बातें मत करो, तुम्हें ऐसा नहीं कहना चाहिये
शोभा नहीं देता है ।
घोड़ा वाला गंगा पार से जाने नहीं पायेगा ।
घोड़े वाले की सभी धारीं :मैं: छीन लूंगा ।
:उसे: मैं अभी मार कर सागर पार से भगा दूंगा ।
जब राजा ने इतने वचन कहे हैं ।
राजा ने उस समय फौजें सजाकर तैयार कीं ।
:वह: उस घड़ी :समय: मन में : कार्य के सम्बन्ध में कुछ: सोचते,
हुए मन में ही विचार करता है -

":शुरू से: कांक के महाराज :से: :घोड़ा वाला बच कर: नहीं जा पायेगा ।
कांक की ओर से भैया, :उसे: मार कर भगा दूंगा ।
इसी के साथ में डेढ़ हजार फौजें चल गयीं ।
ऊधा को भीखा सुनी : सेना आदि के सम्बन्ध का: ब्यौरा :विवरण:
सुनाते हैं । -
" ऊधा जी, मैंने तुम्हें हजार बार मना किया था ,
लेकिन तुमने एक बार भी मेरी बात नहीं मानी ।
हरियाने का राजा डेढ़ हजार फौजें ले कर :युद्ध के लिए: चढ़ आया है ।
उन सुघर ऊधा जी ने :करारी पक्षी की तरह: आवाज़ इस हरियाने गांव में की,
जब उन ऊधा जी ने भीखा का :यह: जवाब :उत्तर: सुना,
ऊधा जी उत्तर में भीखा से कहते हैं -
" अरे भीखा सुनी, मुझ से धीरे बोलो : संभल कर बातें करो: ।
अरे :मैं: देखता हूं, उस हरियाने गांव के राजा को :और: गुरु से गहरा ध्यान
लगाया ।
उन्होंने राजा को दाढ़ी वाला बकरा बना दिया ।
फौज को भेड़-बकरी बना दिया ।
:उन्होंने: भीखा सुनी को यह हुक्म दिया :और कहा:-
"भीखा सुनी :इन्हें:, वन की झाड़ी-डांग में :चराने के लिए: ले जाओ ।
भैया : तब तक:, :मैं: इस सागर पार का दृश्य देखूंगा ।"
ऊधा के इस कार्य को जाटनी आश्चर्य से देखती है ।
जाटनी गिड़गिड़ा के हाथ जोड़ कर कहती है-
"कांक के धनी महाराज :शक्तिशाली समृद्धिशाली:,
मैंने नर समझ कर :जादूगर के भ्रम में: तुम्हें सागर पार रोका ।
मैं नहीं जानती थी कि तुम नीलानाथ :की तरह: के वरदानी हो ।
घोड़े वाले, मेरी भूल पर ख्याल न करना ।
मेरी भूल-चूक :को तुम: माफ कर देना ।
मेरी फौजों को फिर से बदल कर :पुन: मनुष्य बना कर: हरियाने गांव को
बसा दीजिये ।

जब ऊधा जलहारी का यह कहना सुनते हैं ।
तब स्नेही जलहारी से कहते हैं -
"जलहारी, तू अपने रंग महल में लौट जा ।"
तब जलहारी ऊधा से दुबारा कहती है :प्रार्थना करती है: -
"ऊधा, तुम दूसरे भगवान जैसे हो +,
इसी से मेरी भूल पर ध्यान न करो ।
ऊधा जी को जलहारी पर मोह : दया: आ गया :गयी: ।
ऊधा ने भभूत उठा कर फौजों की ओर फेंकी ।
भेड़-बकरी उसी समय फौज बन गयी,
